S प्रार्गस्थ सुविधाओं स्मारकों के सौन्दर्यीकरण और तीर्थ्र केन्द्रों आदि के विकास हेतु राज्य सरकारों को वित्तीयस सहायता प्रदान करता है। यह सहायता, प्राप्त विशिष्ट प्रस्तावों के आधार पर प्रदान की जाती हैं। पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार ने वर्ष 1997-98 के दौरान मध्य प्रदेश मे 9 परियोजनाओं के लिए 119.31 लाख और गुजरात में 7 परियोजनाओं के लिए 111.84 लाख रूपये की राशि स्वीकृत की हैं।

(घ)जी, नहीं।

**पर्यटन उद्योग का विकास**

4744. **श्री गोविन्दराम मिरी** : क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क)क्या सरकार की कोई पर्यटन नीति है जिसके अंतर्गत भारतीय पर्यटन उद्योग को अवसंरचनात्मक सुविधायें मुहैया करा कर विकास किया जा सके;

(ख)क्या देश के अन्य उद्योगों की तुलना में पर्यटन उद्योग आज भी सर्वाधिक उपेक्षित हैं;

(ग)क्या सरकार ने पर्यटन उद्योग के विकास और उसकी समस्याओं की समय-समय पर समीक्षा की हैं;

(घ)क्या भारत को पर्यटन उद्योग में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का दर्जा हासिल करने के लिए संघर्ष करना पड़ा हैं; और

(ड.)इस शताब्दी के अंत तक भारतीय उद्योगों के संबंध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया हैं?

**संसदीय कार्य मंत्री तथा पर्यटन मंत्री ( श्री मदन लाल खुराना )** : (क) जी, हां।

(ख)जी, नहीं।

(ग)जी, हां।

(घ)अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों द्वारा पर्यटन को उद्योग का दर्जा नहीं दिया गया हैं।

(ड.)इस शतादी के अंत तक पर्यटन सहित भारतीयों उद्योगों से और अधिक बढ़ोत्तरी ( विकास ) की अपेक्षा हैं।

**राजस्थान में आने वाले विदेशी पर्यटक**

4775. **श्री ओंकार सिंह लखावत :** क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क)पिछले पांच वर्षो के दौरान भारत में प्रतिवर्ष कुल कितन विदेशी पर्यटक आये व उने कुल कितनी विदेशी मुद्रा की आय हुई;

(ख)उपरोक्त अवधि में राजस्थान में प्रतिवर्ष कितने विदेशी पर्यटक आयें;

(ग)इस अवधि के दौरान पुष्कर और अजमेर में आये पर्यटकों की संख्या कितनी हैं; और

(घ)क्या सरकार ने राजस्थान में पर्यटन को प्रोत्साहन देने के लिए योजना बनाई हैं; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या हैं?

**संसदीय कार्य मंत्री तथा पर्यटन मंत्री ( श्री मदन लाल ,खुराना )** : (क) गत पांच वर्षो के दौरान भिन्न-भिन्न देशों से आए विदेशी पर्यटकों और पर्यटन को होने वाली अनुमानित विदेशी मुद्रा आय निम्ननुसार हैं:-

| | 1993 | 1994 | 1995 | 1996 | 1997 |
|---|---|---|---|---|---|
| विदेशी पर्यटक आगमन | 1764830 | 1886433 | 2123683 | 2287860 | 23740994 |
| अनुमानित विदेशी मुद्रा आय (करोड़ रूपयों में ) | 6465.72 | 7281.66 | 8833.30 | 10049.95 | 1105.43 |

(ख)और (ग) राज्य सरकार से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार गत पांच वर्षो के दौरान अजमेर, पुष्कर तथा राजस्थान के आवास एककों में आए विदेशी पर्यटकों का निम्ननुसार अनुमान लगाया गया हैं:-

| वर्ष | विदेशी पर्यटक आगमन | | |
|---|---|---|---|
| | राजस्थान | अजमेर | पुष्क |
| 1993 | 540738 | 10326 | 18863 |
| 1994 | 436801 | 46024 | 14710 |
| 1995 | 534749 | 47651 | 39325 |
| 1996 | 560946 | 56126 | 48993 |
| 1997 | 605060 | 60066 | 50952 |

(घ)पर्यटन का विकास एकक सतत प्रक्रिया है तथा इसे मुख्यतः राज्य सरकार द्वारा किया जाता हैं।.... पर्यटन मंत्रालय राज्य सरकारों को उनसे प्राप्त विश्ष्टि प्रस्तावों के आधार पर दिशा-निदेंशों के अनुसार वित्तीय सहायत प्रदान करता हैं। पर्यटन मंत्रालय ने राजस्थान सरकार को पर्यटन के विकास के लिए वर्ष 1997-98 के दौरान 22.36 लाख रूपए स्वीकृत किए हैं।

**Shortfall of Foreign Tourists After Nuclear Test**

4746. SHRI A. VIJAY RAGHAVAN: Will the Minister of TOURISM be pleased to state:

(a) whether Government have received any report regarding the shortfall in the number of foreign tourists after the nuclear tests;

(b) if so, the details thereof; and

(c) the steps taken by Government to avoid such situation which would be harmful to the tourism industry in our country?

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND THE MINISTER OF TOURISM (SHRI MADAN LAL KHURANA): (a) to (c) It has been reported by the Tourism industry that there has been some decline in tourist arrivals from Japan, Germany & United States of America after the nuclear test. However, overall tourist arrivals this year are likely to be higher than the previous year.

12.00 Noon

**PAPERS LAID ON THE TABLE**

**Report and Accounts 1994—96) of the National Human Right Commission, New Delhi and related papers**

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI L.K. ADVANI): Sir, I lay on the Table a copy each (in English and Hindi) of the following papers:—

(a) Annual Accounts of the National Human Rights Commission, New Delhi, for the years 1994-95 and 1995-96, and the Audit Report thereon, under sub-section (4) of section 34 of the National Human Rights Commission Act, 1994.

(b) Statement giving reasons for tl^e delay in laying the papers ntentioned at (a) above. [Placed in the Library. *See* No. LT-1389/98].

**1. Report and Arawnts (1996-97) of the Centre for the Development of Glass Industry, Ferozabad (U.P) and related papers.**